**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–3 / 100 / 2021 / 10–11 / 12 / 3255 भोपाल, दिनांक 25-7-23

प्रति,

1. वनमंडलाधिकारी,
वनमंडल नौरादेही (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश।
2. कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग क्र.–1, जिला सागर, मध्यप्रदेश।

**विषयः–जिला सागर के अन्तर्गत कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 272.00 हेक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– वनमंडलाधिकारी, नौरादेही (वन्यप्राणी) का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 810, दि. 10.07.2023 एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र.–1, जिला सागर का पत्र क्रमांक 1424 / कार्य / 2023–24, दिनांक 19.04.2023

----0----

विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें। संदर्भित पत्रों से प्रकरण में भारत सरकार द्वारा पत्र क्रमांक 8-05/2023-FC दिनांक 17.02.2023 से चाही गई अतिरिक्त xviii बिन्दुओं की जानकारी इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। प्राप्त जानकारी का निरीक्षण करने पर निम्न कमियां पाई गई है :–

1. बिन्दु क्रं.–(i) में बांध के विवरण की जानकारी दी गई है, किन्तु जांचे गये विकल्पों को मानचित्र पर प्रस्तुत नहीं किया गया है।
2. बिन्दु क्रं.–(iv) के संबंध में मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, म0प्र0 के अभिमत प्रस्तुत नहीं किया गया है।
3. बिन्दु क्रं.–(v) के संबंध में SC-NBWL द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन के साथ–साथ मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, म0प्र0 के अभिमत प्रस्तुत नहीं किये गये है।
4. बिन्दु क्रं.–(vi) के अनुसार प्रस्तावित वनभूमि में उपस्थित कृषि भूमि, सड़क एवं वृक्षारोपण के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।
5. बिन्दु क्रं.–(vii) अनुसार प्रस्तावित वनभूमि में प्रस्तावित कार्यो के अनुसार DGPS map तैयार कर प्रस्तुत नहीं किया गया है।
6. बिन्दु क्रं.–(viii) अनुसार KML file पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है।
7. बिन्दु क्रं.–(xiv) अनुसार क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु प्रस्तावित भूमि में सैटेलाईट से देखने पर कृषि भूमि, सड़क, नदी एवं निर्माण की उपस्थिति दिखाई दे रही है, जिसके संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।
8. बिन्दु क्रं.–(xvi) में क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु प्रस्तावित Degraded Forest की KML file पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है।

अतः भारत सरकार के पत्र से चाहे अनुसार जानकारी 02 प्रतियों मे तैयार की जाकर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

25/7/2023

(सुनील अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 101 / 2021 / 10–11 / 12 / 3256 भोपाल, दिनांक 25-7-23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) सागर वृत्त सागर, मध्यप्रदेश।
2. वनमंडलाधिकारी, (सा0) दक्षिण / उत्तर वनमंडल सागर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

25/7/2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल